हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में करें उचित ...



12 घर-घर पहुंच रहीं मितानिनें, टीबी व कुष्ठ रोग को ...





# पड़ने लगी कड़ाके की ठंड, पर नहीं बदला समय, छोटे बच्चे ठिठुरते हुए पहुंच रहे स्कूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- सुबह स्कूल जाने में बच्चों को हो रही समस्या, पालकों की चिंता बढ़ी

इन दिनों जिले में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। लेकिन, बढ़ती ठंड के बाद भी सुबह छोटे बच्चों के स्कूल के समय में अभी तक कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चे इस ठिठुरती ठंड में स्वेटर, मफलर पहनकर जैसे-तैसे ठंड से बचते का प्रयास करते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं। जिले में कई शासकीय व प्राईवेट स्कूलों में स्कूल का समय दो शिफ्टों में बंटा रहता है, जिसमें पहली शिफ्ट में छोटे बच्चों का स्कूल समय 7 बजे से 12 बजे तक लगाया जाता है, तो वहीं दूसरी शिफ्ट 12 से 5 बजे तक का ▶▶ शेष पेज 11 पर

### स्वास्थ्य पर पड़ सकता है असर

ऐसे में न सिर्फ स्कूली छोटे बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि छोटे बच्चों के पालक भी ठिठुरती ठंड में बच्चों से पहले उठकर बच्चों के नहाने के लिए गर्म पानी से लेकर उनके खाने के लिए नास्ता व टिफिन की व्यवस्था की जाती है। ऐसे में छोटे बच्चों और उनके पालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं उनके स्वास्थ्य को लेकर भी आशंका बनी हुई है।

### सुबह धुंध के कारण दुर्घटना की भी आशंका

कई छोटे बच्चों को स्कूल के लिए लाने के लिए कई घरों में स्कूल बस या वैन लगा दिया जाता है, लेकिन अधिकांश पालक अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने से लेकर लाने का काम स्वयं करते हैं। ऐसे में इस ठिठुरन में जहां धुंध के कारण रास्ते साफ नहीं दिखते और बच्चों को ठंड से बचाने के लिए पालक बच्चों को कई तरह से कवर करते दिखते हैं।

## धान खरीदी : कई केंद्रों में चिपकाया गया खरीदी बंद करने का नोटिस

# बंपर खरीदी, उठाव धीमा, खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान जाम, खरीदी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

| खरीदी | उठाव | समितियों में जाम |
|---|---|---|
| 3349355.20 क्विंटल | 38908 क्विंटल | 2835442.85 क्विंटल |

जिले में समितियों के माध्यम से खरीदे गए धान का परिवहन नहीं होना न सिर्फ समिति प्रबंधकों के लिए सिर दर्द बन गया है, बल्कि किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरें देखने को मिल रही हैं। अब किसान टोकन कटने के बाद भी आश्वस्त नहीं है कि उनका धान बिक ही जाएगा।

बालोद जिले के अनेक धान खरीदी केंद्रो में बफर लिमिट से अधिक स्टाक जाम हो गया है। सोमवार तक की स्थिति में धान खरीदी केंद्रों में करीब 2835442.85 क्विंटल धान जाम है। धान का बफर लिमिट से अधिक स्टॉक होने की वजह से कई केंद्रों में खरीदी बंद करने का नोटिस चिपका दिया गया है। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने कहा है कि किसी भी धान खरीदी केंद्रों में खरीदी बंद नहीं होगी, धान उठाव की व्यवस्था की जा रही है। सोमवार को बालोद जिले के सेवा सहकारी समिति बासीन तहसील गुरुर में सभी स्टेक पूर्ण रुप से भर चुके हैं। धान खरीदी केन्द्र में पर्याप्त परिवहन के अभाव एवं जगह की कमी के कारण सोमवार से धान खरीदी बंद रहने का नोटिस जारी कर खरीदी केंद्र में सूचना भी चिपका दिया गया है। इसके साथ ही फागुन्दाह, पलारी, कंवर सहित जिले के कुछ अन्य केंद्रों में भी इस प्रकार से स्थिति होने की बात सामने आ रही है। वहीं, जिले के 143 धान खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक अभी तक कुल 3349355.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से मिलरों द्वारा 38908 क्विंटल का उठाव किया जा चुका है, वहीं समितियों में 2835442.85 क्विंटल धान जाम है।



### रखवाली की समस्या

जहां किसानों द्वारा खराब होते मौसम के कारण फसलों की कटाई तो कर ली गई है, लेकिन फसल कटाई के बाद अब परिवहन की समस्या को बताते हुए समितियां धान नहीं खरीद रही है, जिससे किसानों के धान गली, चौराहों व मंचों में पड़ा हुआ है, जिसकी रखवाली के लिए किसानों को घरों के बाहर सोना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द धान की खरीदी प्रारंभ की जाए।

### राइस मिलरों की हड़ताल जारी

इधर जिले के राईस मिलरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। इधर रविवार से जिला प्रशासन ने मिलरों पर दबाव बनाने मिलों में छापा मारकर गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी है। ग्राम बासीन और भोथली के किसान चुम्मनलाल साहू, मेघुराम, केवलराम, धीरपाल ने बताया कि धान का परिवहन नहीं होने के कारण समितियों में धान जाम हो गया है। धान समितियों में जाम होने के कारण समितियो के पास धान रखने का जगह नहीं है, जिसके कारण समितियों द्वारा धान की खरीदी बंद कर दी गई है। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना किसानों को करना पड़ रहा है। धान खरीदी सही तरीके से नहीं होने के कारण तथा स्टॉक फुल होने के कारण टोकन की तिथि किसानों को नहीं मिल पा रही है और टोकन कटवाने के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# ब्लाक की मितानिनों ने दिया धरना, आज होगा जिलास्तरीय प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ रायपुर के आव्हान पर जिले के मितानिनों द्वारा जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड में अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं, 17 दिसंबर को जिले के सभी ब्लाकों से मितानिन शहर के बस स्टैण्ड धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

इसके तहत जिला मितानिन संघ के धरना प्रदर्शन के आव्हान पर जिले की मितानिनें शहर के नया बस स्टैण्ड पहुंचकर धरने में सम्मिलित हुईं। जहां विभिन्न नारों के माध्यम से मितानिनों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई। संघ ने कहा कि सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लाक समन्वयक, स्वस्थ पंचायत समन्वयक, एरिया कोऑर्डिनर तथा मिलानिन हेल्प डेस्क फसिलिटेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन में संविलियन किया जाए। मितानिनें स्टेट हेल्थ रिर्सोस सेंटर के साथ कार्य नहीं करेंगी।



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत



**डौंडी।** सोमवार को दोपहर 2 बजे डोंडी-कच्चे मार्ग पर आवरी नाला अंधियाबाहरा के पास कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। कार ग्राम आवरी निवासी दिलीप कुमार उइके की बताई जा रही है, जो बीजापुर में डिप्टी कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। मिली जानकारी के अनुसार उनका ममेरा भाई पिता रतन लाल उइके और उनकी मां का डोंडी से इलाज करवा कर वापस कार से गांव जा रहे थे। तभी डौंडी से आगे अवारी नाला के पास भानुप्रतापपुर की ओर से आ रहे ग्राम बोगर निवासी अलखराम गौर 30 साल पिता प्रभुराम की बाइक और कार में टक्कर हो गई। बाइक चालक अलखराम की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बातचीत के दौरान हुई मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** रंजिश को लेकर एक परिवार के 5 लोगों के बीच मारपीट हो गई। मामले में तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली थाने में रविवार को 115(2)बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5)बीएनएस, 351(2)बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। साजा निवासी प्रिया ने बताया कि विगत दो सप्ताह से अपने मायके ग्राम करहीभदर में रह रही हूं। रविवार को मैं और मेरी बहन रेशमी उईके दोनों आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान हम दोनों में विवाद हो गया। इस बीच मेरे दादा पुनीतराम उईके गाली गलौज करने लगे और मेरी चाची झामिता उईके, चाचा गोवर्धन उईके तीनों ने मिलकर मारपीट की।

### वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया 19 को

**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर बालोद के निर्देशानुसार(नगरीय निकाय) जिला बालोद द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका नियम 1994 के तहत वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया आगामी 19 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में की जाएगी। इसके तहत नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के वार्डों का आरक्षण विभिन्न श्रेणियों (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग) और महिला वर्ग के लिए निर्धारित किया जाएगा।मुख्य नगर पालिका अधिकारी दल्लीराजहरा ने बताया कि यह कार्यवाही सार्वजनिक रूप से आयोजित की जाएगी, जिसमें कोई भी व्यक्ति उपस्थित रह सकता है।

### जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक आज

**बालोद।** जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में 17 दिसंबर को शाम 05 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्टैंड अप इंडिया और अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति आदि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सर्व संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा बैंकर्स को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### ग्राम बोरी लाटाबोड़ में मेला-मड़ई 25 को

**लाटाबोड़।** ग्राम बोरी (लाटाबोड़) नयापारा में 25 दिसम्बर को मेला-मड़ई का आयोजन किया गया है। शंकर साहू ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी चंपा बसन भकुर्रा (छुरिया) वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में जन औषधि केंद्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

- विकासखंड स्तरीय रक्तदान शिविर के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर ने किया शुभारंभ

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में विकासखंड स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए और अपने स्वास्थ्य की भी जांच करवाई। उन्होंने उपस्थित लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने अस्पताल परिसर में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया, जिससे आमजन को सस्ती और गुणवत्ता युक्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर सरपंच मुक्ति सुधाकर, जीवनदीप सदस्य माधव देशमुख, रोशन देशमुख, विधायक प्रतिनिधि भैया लाल साहू, जीवनदीप सदस्य पंचराम, महामंत्री सोनू राजपूत, भोथली सरपंच सुरेश साहू, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एनएल बंजारे, डॉक्टर संजीव शुक्ला, डा अमरेश श्रीवास्तव, डॉ तृप्ति तिवारी, अंजूदेव, हरिकिशन, राजेंद्र निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व हॉस्पिटल कर्मचारी उपस्थित थे।



# प्रतिबंधित कहवा व खम्हार वृक्षों की कटाई जोरों पर, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

- विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर उठ रहे सवाल

कुसुमकसा के आसपास ग्रामीण अंचलों में प्रतिबंधित कहवा (अर्जुन), खम्हार पेड़ों की कटाई कर उसका बेखौफ परिवहन किया जा रहा है। कुसुमकसा रेलवे स्टेशन से मुख्य मार्ग जाने वाले मार्ग के किनारे पेड़ों की टहनियों की अवैध कटाई व परिवहन किए जाने की कहानी बता रहा है। इसे देखकर लगता है कि वन विभाग व राजस्व विभाग ने प्रतिबंधित लकड़ी की अवैध कटाई कर परिवहन करने की छूट दे दी हो। ▶▶ शेष पेज 11 पर



### अधिकारी ने जताई अनभिज्ञता

उधर, वन विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा आज तक लकड़ी के अवैध परिवहन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करना समझ से परे है। ग्रामीण अंचलों में लकड़ियों के दलाल पूरी तरह सक्रिय हैं, जो किसानों से संपर्क कर उनके खेतों से प्रतिबंधित लकड़ियों को मशीनों से काटकर महंगे दामों में को बेच रहे हैं। आरके चौधरी सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुसुमकसा ने बताया कि आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है। कल लकड़ी के पड़े टुकड़ों को दिखवाने की बात कही।

### फसल कटाई के बाद खेतों में पहुंच रहे वाहन

बता दें कि कहवा एक प्रतिबंधित पेड़ है। मार्केट में सबसे ज्यादा मांग कहवा की लकड़ी की ही रहती है। फसलों की कटाई के साथ ही वाहनों को खेतों तक जाने का रास्ता मिलता है। लकड़ी कोचिया गांव गांव में घूमकर किसानों को पैसों का लालच देकर वृक्ष खरीद रहे हैं और किसान भी लकड़ियों को आसानी से बेच देते है। पेड़ को काटकर परिवहन करने की पूरी जवाबदारी लकड़ी कोचिया की रहता है, जिसके कारण लकड़ी का व्यापार करने वाले दलाल इसका फायदा उठाते हैं।

## रायगढ़ में 3 से 5 जनवरी तक होगा प्रतियोगिता का आयोजन

# मुख्यमंत्री कप राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग स्पर्धा में जिले के 28 खिलाड़ी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला किक बॉक्सिंग टीम के 28 खिलाड़ियों का चयन आगामी मुख्यमंत्री कप राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। चयन प्रक्रिया में 75 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

जिला किकबॉक्सिंग संघ ने आगामी 3 जनवरी से 5 जनवरी तक ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में होने वाले मुख्यमंत्री कप ओपन राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के चयन प्रक्रिया के लिए टूर्नामेंट का आयोजन किया, जिसमें जिले के डौंडी, बालोद, गुण्डरदेही ब्लॉक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सारी प्रक्रिया छत्तीसगढ़ भाजपा खेल एवं कला प्रमुख अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव की देखरेख में हुआ।

किक बॉक्सिंग संघ के सचिव किशोर नाथ ने बताया कि बालोद ब्लॉक से 6 गुण्डरदेही ब्लॉक से 1, डोंडी से 1 तथा 20 खिलाड़ी राजहरा क्लब के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। बालोद जिला किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष राकेश यादव ने खिलाड़ियों को आने वाले प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया और राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक जीतकर बालोद जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किए।



### चयनित खिलाड़ियों में ये शामिल

बालोद जिला के चयनित खिलाड़ियों में आयुष यादव, हर्षदीप साहू, जास्मीन साहू, ट्विंकल, आरव, इशांत, अभिनव शर्मा, सिमरन सिंह, साधिके दुबे, हर्ष देवांगन, जिया जायसवाल, सोनम साहू, पल्लवी साहू, आदित्य देव, वाणी, शुभम, हिमानी, नेहा ठाकुर, प्रफुल्ल, कप्स, अदिति, काव्य, नैतिक कुकरे शामिल हैं। बालोद जिले की टीम 3 जनवरी 2025 को सुबह ट्रेन साउथ बिहार से रायगढ़ के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर क्लब के सहायक प्रशिक्षक हरबंस कौर, प्रणव शंकर साहू मिलन उपस्थित थे।

## वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया 19 को

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया आगामी 19 दिसंबर को सुबह 11.00 बजे से बालोद में की जाएगी। सीएमओ अशोक चौबे ने बताया कि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डो का आरक्षण) नियम 1994 अनुषांगिक प्रावधानों के तहत डौंडी लोहारा नगर पंचायत के सभी 15 वार्डो के लिए आरक्षण आगामी 19 दिसंबर को जिला कार्यालय में किया जाएगा।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, सिख समाज ने जताया विरोध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिघोत्रा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे अत्याचार, मारपीट, हत्या, लूटमार की घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द सख्त कदम उठाते हुए हिंदुओं को बचाने के लिए कोई बड़ा कदम उठाएं। छत्तीसगढ़ सिख समाज की मांग है कि एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश भेजा जाना चाहिए, जो वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की वस्तुस्थिति मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने लाए और हिंदुओं को सुरक्षित बांग्लादेश में रहने या हिंदुस्तान लाने की व्यवस्था करे। छत्तीसगढ़ सिख समाज का यह भी मानना है कि हिंदुस्तान से सभी राजनैतिक पार्टियों का सर्वदलीय डेलिगेशन-प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश भेजा जाना चाहिए और वहां की स्थिति का अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के सामने रखकर, वहां के हिंदुओं से और वहां की सरकार से वस्तुस्थिति पर चर्चा कर पूरी दुनिया के सामने लाना चाहिए साथ ही जब तक बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं किया जाता, तब तक भारत को बांग्लादेश से व्यापारिक आदान–प्रदान हर तरह से बंद कर देना चाहिए।

### महिलाओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**रायपुर।** गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से सतनामी समाज की महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। महिला समिति की चंपादेवी गेंदले ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवतियों के लिए मटकाफोड़, मेहंदी, बैलून प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ तथा एकल व सामूहिक नृत्य होगा। वहीं बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता व डांस स्पर्धा का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में सतनामी समाज की सभी बहनों को शामिल होने आग्रह किया गया है।

### साहू समाज की बाइक रैली 7 जनवरी को

**रायपुर।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित भामाशाह छात्रावास में विगत दिनों बैठक हुई। जहां राजिम जयंती के एक दिन पहले आयोजित होने वाले बाइक रैली को लेकर सार्थक चर्चा हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रदेश संयोजक पवन साहू ने बताया कि बाइक रैली युवा प्रकोष्ठ के साथियों द्वारा निकाली जाएगी, जो कि राजधानी रायपुर के तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होकर राजिम में समाप्त होगी। साथ ही इस बाइक रैली का समाजजनों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल हुए।

### प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण भारतीय ज्ञान परंपरा के पोषण के लिए जरूरी

**रायपुर।** वैभव प्रकाशन स्थित संगोष्ठी कक्ष में भोपाल के दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के अध्यक्ष रामराव बावनकर ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण भारतीय ज्ञान परंपरा के पोषण के लिए आवश्यक है। संगोष्ठी में उन्हें छत्तीसगढ़ के कवि नारायणलाल परमार की दो पांडुलिपि संरक्षण के लिए उनकी परिवार के सदस्यों ने प्रदान की। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ इतिहासविद डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र ने की। संगोष्ठी का संचालन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सौ से अधिक पांडुलिपियों का संग्रह किया गया है और शीघ्र ही इनका पुनः प्रकाशन किया जा रहा है। इस कड़ी में बलदेव प्रसाद मिश्र की प्राचीन कृति छत्तीसगढ़ परिचय का आज लोकार्पण हो रहा है। गोष्ठी में अशोक तिवारी, स्मिता, अखिलेश, सुरेंद्र रावल, राजेन्द्र ओझा, डॉ. मृणालिका ओझा, माणिक विश्वकर्मा, निमिष परमार, शुभेंद्र आदि उपस्थित थे।

# रविवि एकीकृत परीक्षा भवन का निर्माण, नहीं बची रूसा की राशि, अब कार्यपरिषद से मांगी मंजूरी

■ लोक निर्माण विभाग को दी जानी है 64 लाख 21 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा तैयार किए जा रहे एकीकृत परीक्षा भवन के भुगतान के लिए राशि अब रूसा मद में शेष नहीं है। रूसा मद में प्राप्त अनुदान की राशि पूर्णतः समाप्त होने के कारण विवि मद से इसके भुगतान की अनुमति कार्यपरिषद की बैठक में मांगी गई थी। इसके लिए सहमति मिलने के बाद अब विवि द्वारा शेष राशि का भुगतान किया जा सकेगा। इस एकीकृत भवन के निर्माण में 1 करोड़ 42 लाख की लागत रविवि को आई है। इसमें से 64 लाख 21 हजार 742 रूपए का भुगतान किया जाना शेष है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका निर्माण किया गया है। लागत राशि में एक अंश का भुगतान किया जा चुका है, जबकि बड़ी राशि अभी शेष है। गौरतलब है कि रूसा के तहत विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को एक निश्चित राशि विकास और अनुसंधान संबंधित कार्यों के लिए दी जाती है। यह राशि संबंधित संस्थान के ग्रेडिंग के आधार पर तय होती है।

## पं.रविशंकर शुक्ल विवि का मामला, परिसर में ही किया गया है निर्माण

### किराए में दिया जाएगा भवन

इसके अलावा व्यापम, पीएससी, एनटीए तथा अन्य परीक्षा एजेंसियों द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए भी इस भवन को किराए में दिए जाने की योजना पर काम चल रहा है। इसे हाईटेक रूप से तैयार किया जा रहा है। ताकि कंप्यूटर बेस्ड परीक्षाएं भी यहां आयोजित की जा सकें। सूत्रों अनुसार, परीक्षा भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके लिए किराया सहित अन्य चीजों का निर्धारण भी विवि द्वारा शीघ्र ही किया जाएगा। 2025 से छात्रों को इस नए भवन की सुविधा मिल सकती है।



### 500 से अधिक छात्र दिला सकेंगे परीक्षा

इस एकीकृत परीक्षा भवन का निर्माण बीते शैक्षणिक सत्र से किया जा रहा है। रविवि द्वारा इसे ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया गया है। रविवि की सेमेस्टर तथा वार्षिक परीक्षाएं अलग-अलग विभागों के कक्ष में आयोजित की जाती रही हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले यूजीसी नेट सहित कई अन्य परीक्षाओं के लिए भी रविवि पृथक-पृथक विभागों में बैठक व्यवस्था करता रहा है। एकीकृत परीक्षा भवन के निर्माण पश्चात एक ही भवन में ये परीक्षाएं हो सकेंगी। इस व्यवस्था से परीक्षा के दौरान अन्य कक्षाएं बाधित नहीं होंगी तथा उनका भी संचालन नियमित रूप से किया जा सकेगा। 500 से अधिक छात्र एक ही बार में यहां परीक्षा दिला सकेंगे।

# शाह ने कहा- छत्तीसगढ़ पुलिस देश की सबसे बहादुर पुलिस

*छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ और राज्य पुलिस के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है।

गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा, राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ तथा देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा।

### शाह ने की छग पुलिस की तारीफ

*अमित शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी और अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटेगी। छत्तीसगढ़ पुलिस ने देश के विभिन्न सुरक्षा बलों के साथ मिलकर पिछले एक साल में नक्सलवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम किया है। चार दशकों में पहली बार नक्सली हिंसा में नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौत का आंकड़ा 100 से कम हुआ है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल में पूरे देश में नक्सलवाद पर लगाम लगी है।*



■ शाह ने किया ऐलान, 31 मार्च 2026 से पहले करेंगे नक्सलवाद का खात्मा

■ छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए ऐतिहासिक दिन, शाह ने सौंपा राष्ट्रपति निशान


### नक्सलियों से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील

अमित शाह ने नक्सलियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति की भी सराहना की। उन्होंने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की भी अपील की। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ पुलिस ने बहादुरी के साथ एक साल में नक्सलियों को खत्म करने का संकल्प लिया है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की और कहा, हमारी सरकार ने बहुत अच्छी सरेंडर पॉलिसी बनाई है। मुख्यधारा में आप शामिल हो जाइए। हथियार छोड़ दीजिए. विकास के रास्ते पर आ जाइए और छत्तीसगढ़ के विकास में भी योगदान देना चाहिए।

### नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा, यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के केवल 24 वर्षों में हमारे पुलिस बल को उनकी असाधारण सेवाओं और जनता के प्रति समर्पण के लिए मिला है। यह सम्मान उन्हें और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था और विशेष प्रावधान सरकार द्वारा किए गए हैं। हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल ट्रांजिट कैम्प में रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्हें तीन साल तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड के तौर पर देने की व्यवस्था की गई है। उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख या उससे अधिक के इनामी माओवादी के आत्मसमर्पण करने पर उन्हें आवास हेतु शहरी क्षेत्र में अधिकतम 4 डिसमिल जमीन या ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 1 हेक्टेयर कृषि भूमि दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

# देवांगन कर्मचारी-अधिकारियों का वेब पोर्टल विमोचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

देवांगन समाज के कर्मचारी-अधिकारियों का वेब पोर्टल विमोचन कार्यक्रम रविवार को राजधानी के पुरानी बस्ती स्थित अग्रवाल समाज के सभा भवन में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय महासमुंद रामजी देवांगन, कार्यक्रम अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राचार्य धनेंद्र मेहर, संचालक भू-अभिलेख इंद्रावती भवन विनीत नंदनवार रहे। शुरुआत में प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज देवांगन ने कार्यक्रम का उद्देश्य व रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रांतीय सचिव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रकोष्ठ के तकनीकी विशेषज्ञ वेब पोर्टल निर्माता हेमचंद्र देवांगन ने पोर्टल संचालन संबंधित जानकारियां मंच के समक्ष साझा करते हुए बताया, प्रदेश के समस्त स्वजातीय कर्मचारी-अधिकारियों के बीच आपसी सौहार्द्रपूर्ण संबंधों को मजबूती प्रदान कर उनके बीच भाईचारे की भावना विकसित करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। सभा में प्रकोष्ठ के पदाधिकारी दीपक देवांगन, धनेश्वर देवांगन, डॉ. एसपी देवांगन, मेहतर देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, मोहनलाल देवांगन, श्रवण देवांगन, गोविंद देवांगन, प्रवीण देवांगन सहित प्रदेशभर से स्वजातीय शासकीय कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन फान्या देवांगन एवं मनोज देवांगन ने किया।

### विधायक सोनी ने किया सड़क डामरीकरण का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर निगम जोन-5 पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित मैत्रीनगर में सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन रविवार को किया गया। विधायक सुनील सोनी ने पार्षद मृत्युंजय दुबे की उपस्थिति में 21 लाख 60 हजार रुपये की स्वीकृत लागत एवं सुंदर नगर मुख्य द्वार मार्ग पर 10 लाख 40 हजार की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

सुरक्षा में बड़ी चूक

# एयरपोर्ट की दीवार फांद एटीसी टॉवर तक पहुंचा नशेड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कर्मचारी भौंचक, सीआईएसएफ के जवानों ने पकड़ा

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट की सुरक्षा को धता बताते हुए एक नशेड़ी दीवार फांदकर भीतर दाखिल हो गया और सीधे एटीसी टॉवर तक पहुंच गया। स्टाफ की नजर उस पर पड़ी तो हल्ला मच गया। सरायपाली के एक गांव में रहने वाले नशेड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आदतन नशेड़ी और घुमंतू है, जो एयरपोर्ट तक पहुंच गया था।

माना थाना प्रभारी ने बताया कि सीआईएसएफ जवान की शिकायत पर सरायपाली के तेंदुकोना निवासी आरोपी पारसमणि ध्रुव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी शुक्रवार की शाम एयरपोर्ट की सुरक्षा को चकमा देते हुए भीतर घुस गया था। दीवार फांदकर अंदर आने के बाद वह बेरोकटोक सीधे एटीसी टॉवर तक पहुंच गया। वहां के स्टाफ की नजर उस पर पड़ी तो हल्ला मचा और सुरक्षा में तैनात जवानों की नजर उस पड़ी। आनन-फानन में उसे पकड़ा गया और मामले की सूचना माना थाने को दी गई। पुलिस उसे अपने साथ ले गई और काफी देर तक पूछताछ करती रही, मगर उसके खिलाफ किसी गंभीर प्रकरण का पता नहीं चला। थाना प्रभारी का कहना है, नशे की वजह से वह घुमंतू हो चुका है और घर से बिना कुछ बताए निकल जाता है। माना जा रहा है कि अपनी धुन में भटकते हुए वह विमानतल तक पहुंच गया होगा।

### प्रतिबंधित स्थल तक कैसे पहुंचा?

*सूत्रों के अनुसार, पारसमणि जिसे इलाके तक पहुंच गया था, वहां आम लोगों का आना-जाना प्रतिबंधित है। कोई भी शख्स एटीसी टॉवर तक तभी पहुंच सकता है, जब उसे सिक्योरिटी क्लीयरेंस मिल जाता है। नशेड़ी तमाम व्यवस्था के बचकर कैसे वहां तक पहुंच गया, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं।*

### सिंधी काउंसिल के आयुष्मान कैंप में 840 नागरिकों ने बनवाए कार्ड

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई और स्वास्थ विभाग की ओर से तीन अलग-अलग स्थानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया, 840 लोगों ने शिविर का लाभ लिया और आयुष्मान शिविर में कार्ड बनाकर तुरंत दिए गए। सभी बुजुर्गों ने आभार जताया। समाज के अमर गिदवानी ने कहा कि लोगों की मदद करने शिविर लगाया गया था। देवेंद्र नगर सिंधी पंचायत के किशोर आहूजा, गोविंद मंशारामनी, सोनू साधवानी, अल्पेश पोपटानी, रितेश वाधवा, राजकुमार सोनी, जगदीश अजवानी सक्रिय रहे। दूसरा कैंप तेलीबांधा गली नंबर-2 में लगाया गया, जहां महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी, सुनील कुकरेजा समेत अन्य सक्रिय थे।

# बूढ़ातालाब में रूफ टॉप चौपाटी, नौका विहार के लिए लाएंगे तीन तरह की बोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी तैयारी में जुटी

राजधानी के बूढ़ातालाब में री-क्रिएशन जोन को लेकर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी तैयारी में जुट गई है। परिक्रमा पथ में दानी स्कूल के पीछे वाले हिस्से पर रूफ टॉप चौपाटी बनाने का काम शुरू हो गया है, जहां आगंतुकों के लिए खानपान के स्टॉल सहित बूढ़ातालाब का सुंदर नजारा देखने व्यू पाइंट तैयार किया जाएगा। वहीं सरोवर में नौका विहार की सुविधा के लिए तीन तरह की बोट लाने की तैयारी है।

सूत्रों के मुताबिक, ये बोट थ्री सीटर, फोर सीटर और सिक्स सीटर रहेंगी, यानी चौपाटी के साथ नौका विहार का आनंद शहरवासी उठा सकेंगे। मेट्रो सिटीज की तर्ज पर महानगर का रूप ले रहे रायपुर शहर में तेलीबांधा तालाब परिसर में नगर निगम से अनुबंधित एजेंसी ने री-क्रिएशन जोन की सुविधा विकसित की है। जहां फूड लैब सहित एडवेंचर और एम्युजमेंट पार्क का मजा लोग उठा रहे हैं। उसी तरह ऐतिहासिक बूढ़ातालाब को भव्यता प्रदान करने और उसे राजधानी के सुंदर दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी ने काम शुरू किया है।



### तैयार हो रहा ढांचा

तालाब किनारे लाइन फूड जोन के लिए खास तरह का गुमटीनुमा ढांचा तैयार हो रहा है। आने वाले दिनों में यह बदला स्वरूप नजर आएगा। बूढ़ातालाब में फ्लोटिंग डेक भी पूर्व में बनाया गया है, ताकि नीलाभ गार्डन से परिक्रमा पथ वाले मार्ग पर नौका विहार करने वाले आसानी से आना-जाना कर सकें।

# मासूम बच्चे को मिले माता-पिता




**रायपुर।** महिला आयोग के प्रयासों से एक मासूम बच्चे को उसकी मां मिल गई। कुछ दिनों पूर्व आवेदिका ने महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति शराब की नशे में बहुत ज्यादा मारपीट करता है, उसके बड़े बेटे को घर से निकाल दिया है और मात्र 4 माह के दुधमुंहे बच्चे को छीनकर अपने बड़ी बहन के पास झांसी उत्तरप्रदेश में छोड़ आया है। पिछली सुनवाई में पति ने अपनी गलती स्वीकारी और आयोग के निर्देश पर बच्चे को लेकर आयोग में उपस्थित हुआ। महिला आयोग अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक की समझाइश पर पति-पत्नी का रिश्ता फिर से जुड़ा और एक मासूम बच्चे को उसकी मां मिल गई। आयोग ने सुलह कराते हुए इस प्रकरण में एक काउंसलर को सालभर के लिए नियुक्त किया है जो समय-समय पर उनसे पूछताछ करते रहेंगी।

राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किया नया आदेश

# मेयर-अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को देना होगा खर्च का हिसाब, कहां से राशि लाए, बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव में जो लोग मेयर और पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी होंगे, उन्हें चुनाव के दौरान खर्च होने वाली रकम का पाई-पाई का हिसाब राज्य निर्वाचन आयोग को देना होगा। ये बताना होगा कि प्रत्याशी या उसके दल ने कहां से रकम हासिल की, कहां खर्च किया, किस-किस को राशि का भुगतान किया और अगर किसी की रकम बकाया है तो उसका भी ब्योरा देना होगा।

यह हिसाब दरअसल इसलिए मांगा जा रहा है कि खुद राज्य निर्वाचन आयोग का कहना है, वह निर्वाचन में धन-बल की अनिष्टकारी भूमिका से अच्छी तरह अवगत है और उसे रोकने के लिए अन्य उपायों के साथ-साथ यह जरूरी भी मानता है कि प्रत्याशियों का निर्वाचन खर्च वास्तविक रूप से सामने आए। यही वजह है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने अपने ताजा आदेश में इसे लेकर स्थिति स्पष्ट की है। निकाय चुनाव में यह मेयर और अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पर लागू होगा।




### नामांकन के बाद खोलना होगा नया बैंक अकाउंट

आदेश में कहा गया है कि नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि के एक दिन पहले अनिवार्य रूप से एक अलग बैंक खाता खोलना होगा। निर्वाचन से संबंधित सभी व्यय उसी खाते से करना होगा। इसी प्रकार निर्वाचन से संबंधित समस्त प्राप्तियां भी उसी खाते में जमा की जाएं। निर्वाचन की तारीख से 30 दिनों के भीतर पूरा हिसाब देना होगा।

### इस तरह देना होगा हिसाब

आयोग के आदेश के मुताबिक, प्रत्याशी, राजनीतिक दल, संस्था, संघ को किसी अन्य से राशि प्राप्त हुई तो उसका नाम बताना होगा। जो राशि प्राप्त हुई है, उसकी जानकारी और रसीद क्रमांक सहित जानकारी देनी होगी। इसके बाद बारी आती है खर्च की। इसमें ये बताना होगा कि खर्च वाहन पर हुआ, प्रिंटिंग या भोजन पर। इसमें भी ये बताना होगा कि मात्रा कितनी, प्रति इकाई दर, कुल व्यय की राशि कितनी है। ये भी बताना होगा कि भुगतान पाने वाला कौन है, उसका नाम, पता, वाउचर, रसीद की क्रम संख्या और दिनांक, भुगतान की राशि और बकाया राशि। अगर किसी का भुगतान बकाया है तो भुगतान पाने वाले व्यक्ति का नाम, पता, देयक, रसीद की क्रम संख्या, दिनांक आदि भी बताना होगा।

## खबर संक्षेप

### संभागायुक्त ने की प्रकृति परीक्षण कराने की अपील

**दुर्ग।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक देश का प्राकृतिक परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें भारत के सभी वयस्क नागरिकों का प्रकृति परीक्षण आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से किया जाना है। इसी कड़ी में दुर्ग संभाग के कमिश्नर एसएन राठौर का प्रकृति परीक्षण जिला आयुष अधिकारी डॉ दिनेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयुष विंग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ जयप्रकाश चंद्राकर द्वारा किया गया। आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति परीक्षण से व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक संरचना और प्रकृति को समझने में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति के शरीर में रोगों के प्रभाव को जानने और औषधियों के चयन में आसानी होती है। व्यक्ति की प्रकृति के अनुसार ही उसके स्वास्थ्य के लिए दिनचर्या और ऋतुचर्या निर्धारित होती है।

### मंडल चुनाव के लिए तीन नामों का बना पैनल

**भिलाई।** भाजपा में संगठन चुनाव के तहत मंडलों के निर्वाचन की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिला भाजपा भिलाई जिला भाजपा में मंडल अध्यक्षों के लिए तीन लोगों का पैनल बनाया गया है। कोर कमेटी ने अपने निर्णय को सुरक्षित रख इसे प्रदेश भाजपा को भेज दिया है। प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की मैराथन बैठक रविवार को भिलाई में भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुई। बैठक में चुनाव अधिकारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पर्यवेक्षक संगठन चुनाव प्रभारी अनुराग सिंह देव व सांसद विजय बघेल सहित विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा पूर्व स्पीकर प्रेमप्रकाश पांडेय, जिला भाजपा भिलाई अध्यक्ष महेश वर्मा,प्रदेश मंत्री राकेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, बृजेश बिजपुरिया आदि उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### पड़ने लगी कड़ाके की ...

समय निर्धारित रहता है, जिसमें बड़े बच्चों का स्कूल लगता है। इसके अनुसार साल भर एक निर्धारित समय के तहत बच्चे स्कूल आना जाना करते हैं, लेकिन वर्तमान में ठंड बढ़ जाने के कारण सुबह स्कूल आने के लिए बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जहां ठिठुरती ठंड में लोग रजाई में दुबके रहते हैं और सुबह जल्दी उठने के लिए सोचने पर मजबूर हो जाते हैं, ऐसे में छोटे बच्चे जिन्हें ठंड से बचाव की और अधिक आवश्यकता रहती है, वे स्कूल जाने उठ रहे हैं।

### प्रतिबंधित कहवा व ...

कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामों के खेत खलिहानों में अर्जुन वृक्ष की कटाई लकड़ी ठेकेदार बेखौफ हो कर रहे हैं। काटी गई लकड़ियों को ट्रैक्टरों व मेटाडोर में भरकर अन्यत्र परिवहन कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लकड़ी ठेकेदार इलेक्ट्रिक आरे का उपयोग पेड़ की कटाई में करते हैं, जिससे उन्हें पेड़ काटने में ज्यादा समय नहीं लगता। दिन में गाड़ियों में लकड़ियों को भरकर उसे छुपा कर रख दिया जाता है और आधी रात के बाद ही इसे निश्चित जगह तक पहुंचाया जाता है, ताकि किसी तरह की कोई कार्रवाई न हो।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में करें उचित पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले में आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें। आमजनों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। कलेक्टर चन्द्रवाल विगत दिनों संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की और बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय कार्यक्रम मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन कार्यक्रम, टी.बी, एन.सी.डी., एन.वी.बी.डी. सी.पी., अधत्व निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ट उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, महामारी नियंत्रण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने



गर्भवती माताओं का प्रथम तिमाही में पंजीयन करने हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं सभी गर्भवती महिलाओं का 4 जाँच अनिवार्य रूप से पूरा करने एवं जाँच हेतु शेष गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, एनीमिक गर्भवती महिलाओं का विशेष देखभाल, खान–पान में सुधार लाने एवं संस्थागत प्रसव में वृध्दि करने हेतु समस्त पंजी—त गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रतिसप्ताह हेल्थ मेला आयोजित कराने तथा जिले में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया का शतप्रतिशत जाँच कराने के निर्देश दिए।

### किलकारी कार्यक्रम में जिले को मिला तीसरा स्थान

कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत शेष रह गए हितग्राहियों का दिसंबर माह तक आयुष्मान कार्ड बनाने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने 100 दिवस टी.बी. मुक्त अभियान का सफल क्रियान्वयन करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने राज्य में बालोद जिले को किलकारी कार्यक्रम में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शुभकामनाएं भी दी।

## महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए बन रही वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने संचालित की जा रही महतारी वंदन योजना से अब महिलाएं स्वयं से फैसले लेकर बेहतर कार्य कर रही हैं। ऐसा ही एक कार्य बालोद जिले के वनांचल क्षेत्र डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम

■ आमाडुला की गीता बाई अपने बच्चे के इलाज में कर रही राशि का उपयोग

आमाडुला की गीता बाई सोनवानी ने किया है।

गीता बाई ने एक माँ का फर्ज निभाते हुए अपने बेटे के इलाज में महतारी वंदन योजना से प्राप्त हो रही राशि का उपयोग किया है। गीता बाई ने बताया कि खेती किसानी और रोजी मजदूरी करके उनका जीवन बसर हो रहा है। ऐसे समय में एक दिन उनके बेटे चंद्रशेखर का दुर्घटना में कमर से पैर तक की हड्डियाँ टूटने से वे बेबस और लाचार हो गए थे। उनका बेटा 02 महीने अस्पताल में इलाज कराने के पश्चात भी घर में ठीक से उठ–बैठ भी नहीं पा रहा था। इससे उन्हें काफी परेशानियों का



सामना भी करना पड़ा। गीता बाई ने बताया कि अपने बेटे की हालत को देखते हुए उसने महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह प्राप्त हो रही 01 हजार रुपए राशि का उपयोग बेटे के खान–पान और बेहतर इलाज के लिए किया। जिसका नतीजा यह हुआ कि आज उनका बेटा घर में चलना–फिरना कर पा रहा है। गीता बाई ने बताया कि बेटे के ठीक होने से घर में खुशियों का दिन आ गया है। उसने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महतारी वंदन योजना हम महिलाओं के लिए बहुत ही अच्छी योजना है। जिससे महिलाएं अपने छोटे–छोटे खर्च के साथ ही कुछ बड़े फैसले लेकर इस राशि का उपयोग बेहतर ढंग से कर पा रहीं है। गीता बाई ने महतारी वंदन योजना के बेहतर संचालन और प्रतिमाह आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया है।

## शिक्षिका रमा ने बेटे के जन्मदिन पर दिया न्योता भोज...



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर में न्योता भोज का आयोजन सहायक शिक्षिका रमा निर्मलकर ने अपने पुत्र जयंत निर्मलकर के जन्मदिन के अवसर पर किया। इसके तहत शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया।

## एमआरडी विभाग में हुई राजभाषा कार्यशाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट के सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जीएम आलोक कुमार मुख्य अतिथि थे। कार्यशाला में एमआरडी के कार्यक्षेत्र में पदस्थ एफ़एसएनएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला में उप महाप्रबंधक रेजी उन्नून्नी, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे, वरिष्ठ प्रबंध प्रशांत यादव सहित विभाग के अन्य कार्मिकग उपस्थित थे। माथुर ने कहा कि हमारा विभाग एमआरडी शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने को पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## ग्राम रेवती नवागांव में स्थापित की गई वीरांगना दुर्गावती की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम रेवती नवागांव के रानी दुर्गावती महिला मंडल व गोंड़ समाज के तत्वावधान में वीरांगना महारानी

■ रानी दुर्गावती महिला मंडल व गोंड़ समाज ने किया आयोजन

दुर्गावती की प्रतिमा स्थापना की गई।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासचिव अखिल भारतीय गोण्डवाना गोंड़ महासभा तरुण नेताम थे। उन्होंने कहा कि 14 वीं ईस्वी सन में मुगल शासन काल में विरासत की संस्कृति को बचाने के लिए वीरांगना दुर्गावती ने अपनी कुर्बानी दे दी, संस्कृति किसी भी समाज की प्रमुख पहचान होती है, इस वीरांगना के त्याग से हमें सीख लेनी है, यही इसके प्रति सच्ची श्रध्दा होगी। कार्यक्रम का आरंभ गायता पुजारी दुष्यंत ओंटी के मार्गदर्शन में





समस्त अतिथियों ने महारानी दुर्गावती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया। स्वागत भाषण आयोजन समिति के अध्यक्ष रमशील तुमरेकी ने दिया। उपस्थित अतिथियों ने भी अपने विचार रखे, अध्यक्ष वीर मेला समिति राजा राव पठार उमेंदी राम गंगराले ने रानी दुर्गावती की जीवनी पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष गोंडवाना समाज प्रेमलाल कुंजाम ने समाजिक नियम के परिपालन व संगठन पर जोर डाला। कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय गोण्डवाना गोंड़ महासभा हिम्मत सिंह आरमा ने जन्म संस्कार, विवाह संस्कार व मृत्यु संस्कार के संबंध में जानकारी दी। जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग सर्व आदिवासी समाज बालोद बिन्दा देवी नाग ने महिलाओं में वीरता व साहस के प्रति चेतना जगाने की कोशिश की। तहसील अध्यक्ष बालोद फिरंता उईके ने आयोजक महिला मंडल की सराहना की व इनके जोर जस्बा से अन्य महिला संगठनों को सीख लेने की नसीहत दी। जनपद सदस्य शारदा सिन्हा ने वीरांगना की तरह महिलाओं को त्याग व समर्पण के प्रति बोध कराया। कार्यक्रम में प्रेम लाल कोर्राम, गैंदलाल, सखाराम, प्रभु मंडाव, रोहित, पूरन पटेल, चैतराम निर्मलकर, लक्ष्मी, आशा मंडावी, विद्या नागवंशी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र पडोटी और अभार प्रदर्शन दिलीप नागवंशी ने किया।

## भाजपा नेता सौरभ ने कहा- मुख्यमंत्री से की जाएगी शिकायत

# जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में टाउन एंड कंट्री के नियमों को ताक पर रख तथा बिना रेरा पंजीयन के कृषि भूमि तथा बिना परिवर्तित भूमि पर प्लाटिंग का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। वहीं, मामले पर बालोद जिले के राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में हैं।

आपको बता दें कि बालोद जिला मुख्यालय के गंजपारा में जिस जमीन पर बालोद नगर पालिका द्वारा अवैध प्लाटिंग का बोर्ड चस्पा कर दिया था। खरीदी बिक्री को अवैध घोषित किया था। कुछ दिनों बाद उसी खसरे का नकल जारी कर दिया गया और जमीन की रजिस्ट्री के बाद जमीन प्रमाणीकरण के लिए तहसीलदार कार्यालय तक पहुंच गया। वहीं ऐसा ही मामला स्टेडियम के पीछे कृषि जमीनों की बड़े पैमाने पर बिक्री कर अवैध कालोनी बसा दिया गया। इसी जगह कुछ जमीन कारोबारियों द्वारा व्यवसायिक



व्यपवर्तन वाली जमीनों को मकान बनाने के परिवर्तित जमीन बताकर बेचने का मामला भी सामने आया है।

भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने बताया कि उनके किसी परिचित को आवासीय के लिए परिवर्तित जमीन के नाम पर स्टेडियम के पीछे प्लाटिंग की सूचना दी गई थी। जब मौके पर पहुंचकर देखा, तो वह जमीन आवासीय के लिए परिवर्तित नहीं थी। इससे साफ जाहिर है कि जमीन कारोबारी द्वारा आम लोगों को गुमराह कर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। सौरभ लूनिया ने कहा कि इन मामलों को लेकर जल्द ही उच्चाधिकारियों से लेकर राजस्व मंत्री, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि बालोद जिले में इन अवैध प्लाटिंग के मामले में कुछ राजस्व अधिकारियों की भी शिकायत उन तक पहुंची है, इसकी भी शिकायत की जायेगी।

### इन स्थानों पर सबसे ज्यादा शिकायत

बता दें कि बालोद जिले के नयापारा, बायपास पांडेपारा, गंजपारा, कुंदरु पारा, अमापारा, पाररास, झलमला, सिवनी, पाकुरभाट, देवारभाट के अलावा जिले के डौंडी लोहारा, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा, गुरुर, सिकोसा, करहीभदर सहित कई ऐसे इलाके हैं, जहां पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत है। लेकिन, इसे रोकने में बालोद जिले के राजस्व विभाग अब तक विफल नजर आया है। वहीं, इन जगहों पर हुई अवैध प्लाटिंग में राजस्व विभाग व पंजीयक की भूमिका भी संदेह के दायरे में है।

## बेल्हारी में हुई कृषक संगोष्ठी

**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति बेल्हारी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किसानों एवं समिति कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। समिति में उपस्थित किसान भाइयों एवं माताओं का श्री फल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक भूषण लाल वर्मा, अध्यक्ष दक्षिण पाटन मण्डल लालेश्वर साहू, प्राधिकृत अधिकारी रूपसिंह सिन्हा, ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी संदीप नेताम, मनीष चंद्राकर, नेतराम निषाद, योगेश्वर चंद्राकर, नारद साहू, रोमलाल साहू, रामसिंग बंसोड़, अमित अग्रवाल, गौतम प्रसाद शुक्ला, संतोष मार्कण्डेय, अंकित शुक्ला सहित अनेक लोग उपस्थित थे।








## रमतरा परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पेंवरो में यादव समाज ने किया आयोजन

# गीता जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम रमतरा परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पेंवरो में यादव समाज द्वारा गीता जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू थीं।

ललिता पीमन साहू ने कहा कि यादव समाज बहुत सभ्य और संगठित समाज है। आप सभी भगवान श्री कृष्ण के वंशज हैं। सरकार सभी समाज को महत्व देते हुए विकास की ओर आगे ले जाने का सतत प्रयास कर रही है। अध्यक्षता कर रही जनपद सदस्य चंद्रिका गंजीर ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए यादव समाज को संगठित होने की जरुरत है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। सरपंच माधुरी ज्योति, ग्राम पटेल भूपेश गंजीर, सेवा सहकारी समिति घोघोपुरी प्राधिकृत अध्यक्ष मनोहर किशोर, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बाहरु राम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष मिश्री लाल यादव ने भी संबोधित किया। यादव समाज के महिलाओं ने पीला वस्त्र धारण कर कलश लेकर बाजे गाजे के साथ गली भ्रमण किया। समाज द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। यादव समाज के प्रतिभावान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। गली भ्रमण के दौरान जगह जगह दही लूट का भी भगवान कृष्ण एवं राधा के वेश में झांकी निकाली गई।

इस अवसर पर जगदीश यादव, जागेश्वर यादव, अशोक यादव, धनेश यादव, दिलीप यादव, अना राम यादव, मनीराम यादव, रामगुलाल यादव, गज्जू राम यादव सहित रमतरा, घोघोपुरी, पेंवरो, भरदा, तार्री धनोरा एवं आसपास के यादव समाज के लोग उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### कोनारी में सामुदायिक कर्मा भवन का लोकार्पण कल

**अंडा।** तहसील स्तरीय सामुदायिक कर्मा भवन कोनारी का लोकार्पण एवं आबादी पारा तालाब में महिला घाट में शेड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम 18 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से रखा गया है। तहसील साहू संघ के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव करेंगी।

### ग्राम मुजालगोदी में मड़ई 21 को

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम मुजालगोदी में 21 दिसम्बर को मड़ई का आयोजन किया गया है। सरपंच नरसिंह चोरमार ने बताया कि रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी आकाश गंगा दाऊटोला का कार्यक्रम रखा गया है।

### अवैध रुप से गांजा बेचने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिट एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वार्ड 10 रुप नगर कुम्हारी महेश जगत के यहां दबिश देकर 1 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपी से नगदी 8000 रुपए बरामद किया है। इसके अलावा गांजा बेचने के मामले में एक महिला को भी कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला का नाम रुप नगर कुम्हारी निवासी दहीमति है। महिला के पास से 1 किलो 600 ग्राम और नगदी 4 हजार रुपए जब्त किया है।

### किसान पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने का प्रयास

**भिलाई।** किसान पर पेट्रोल छिड़ककर आग के हवाले करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम अछोली धमधा निवासी अंजु लोधी ने शिकायत किया था कि वह खेती-किसानी का काम करती है। शनिवार शाम सोक्ता गड्ढे की बात को लेकर पडोसी कैलाश वर्मा के साथ से विवाद हो गया। कैलाश ने अंजू से गाली-गालौच शुरू कर दिया। घटना की शिकायत करने पति मानू राम लोधी के साथ बाइक से धमधा पुलिस थाना जाने के लिए निकली। आरोपी कैलाश वर्मा अपने घर से बोतल में पेट्रोल लेकर पहुंचा और जान से मारने पीड़िता के पति के शरीर पर पेट्रोल छिड़क दिया। इसके बाद माचिस मारकर आग के हवाले कर दिया।

### हाउस लीज लायसेंस योजना में हो विस्तार

**भिलाई।** हाउस प्लीज संयुक्त संघर्ष समिति की महाबैठका सिविक सेंटर पार्किंग जोन में संपन्न हुई । बैठक में टाउनशिप के अलावा श्रमिक बस्तियों से भी बड़ी संख्या में लोग आए थे। बैठक में सभी वक्ताओं ने प्रवर्तन विभाग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि कब्जा प्रबंधन की शह पर ही हुआ है। इसकी नुकसानी भरपाई की जिम्मेदारी भी इन्हीं की है। उपलब्ध साक्ष्य अनुसार आज की तारीख में नगर सेवाएं विभाग में तैनात एवं सुरक्षा गार्ड स्वयं रिसाली सेक्टर के आवास को किराया में चलाती हैं।

# प्राथमिक शाला गातापार के बच्चों ने देखा ऊर्जा पार्क व पुरखौती मुक्तांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय प्राथमिक शाला गातापार की प्रधानपाठिका भुनेश्वरी नेताम ने बच्चों को ऊर्जा पार्क और पुरखौती मुक्तांगन रायपुर का भ्रमण करवाया।

विदित हो कि 2 किमी दूर बेल्हारी मे आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने के बाद अध्यनरत बच्चों की संख्या अच्छी खासी प्रभावित हुई और शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में पहली से पांचवीं तक की संख्या पिछले साल मात्र 16 थी, जो इस वर्ष संख्या 13 हो गई है। प्रधानपाठक ने कहा कि हमें अपने कर्तव्य का निर्वहन करना है। बच्चों की संख्या तो गांव के पालकों पर निर्भर करती है, जो यहां आते हैं मातृत्व स्नेह देते हुए बच्चों का भविष्य संवारने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल जीवन की गतिविधियां बुढ़ापे तक यादगार बनती हैं। अनेकों बच्चे ये यात्र ना जाने कब कर पाते या नहीं कर पाते। लेकिन अवसर बना तो बच्चों को लाभ मिल गया। इनकी खुशियां हमारे लिए अनमोल पूंजी बन गई।

**ट्यूशन स्टाइल में स्नेह पूर्वक होती है पढ़ाई:** पाटन ब्लाक के इस स्कूल में पहली और पांचवीं कक्षा में केवल एक-एक बच्चे हैं। इन 13 बच्चों को पढ़ाने के लिए 3 शिक्षक, सफाई कर्मी, रसोइया की व्यवस्था है। टीवी कंप्यूटर सहित सुसज्जित भवन बेहतरीन खेल मैदान और स्नेह की फुहार के साथ ट्यूशन स्टाइल में भरपूर पढ़ाई होती है।

### स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या में बढ़ोत्तरी के लिए किए जा रहे हैं तरह-तरह के उपाय



#### बच्चों को संरक्षण देने स्वयं प्रधानपाठिका साथ रहीं

आत्मानंद स्कूल नहीं जा पाने का ग़म इन बच्चों को नहीं सताए और प्रफुल्लित मन से पढ़ाई में मन लगाए इस दृष्टि से बच्चों के लिए नित्य नई विधा इस विद्यालय में चलाई जाती है। शैक्षणिक भ्रमण भी इसी विधा का हिस्सा है। शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों को पूर्ण संरक्षण देने प्रधानपाठक भुनेश्वरी नेताम, शिक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर, शिक्षिका पायल साहू, सफाई कर्मचारी देवेंद्र साहू, रसोइया अम्बिका साहू, बच्चों के साथ भ्रमण किए ज्ञान अर्जन कराते रहे।

### निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ के तहत बीमारी की पहचान व उपचार का 100 दिवसीय अभियान

# घर-घर पहुंच रहीं मितानिनें, टीबी व कुष्ठ रोग को जड़ से खत्म करने की जा रही पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ टीबी रोग, कुष्ठ रोग कुपोषण व वयोवृद्ध जनों की बीमारी व अक्षमता की पहचान व उपचार का 100 दिवसीय अभियान का आयोजन किया गया।

विकास खंड गुरुर में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य योजना बनाकर 100 दिवसीय पहचान व उपचार अभियान के अंतर्गत टीबी रोग, कुष्ठ रोग, कुपोषण, गैर संचारी रोग एवं 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वयोवृद्ध जनों का स्वास्थ्य व अक्षमता की पहचान की जा रही है। इसके लिए विकासखंड में मितानिनों की सर्वे टीम गठित की गई है। मितानिनों द्वारा घर–घर भ्रमण कर टीबी रोग, कुष्ठ रोग, बच्चों में कुपोषण, गैर संचारी रोग व वयोवृद्ध जनों की अक्षमता का आकलन कर आवश्यक सेवाएं प्रदान करना जिनके सतत निगरानी हेतुआर एच ओ मितानिन प्रशिक्षक को सुपरवाइजर नियुक्ति की गई है।



#### बताए टीबी व कुष्ठ रोग के लक्षण

विकासखंड के कुल 122 ग्राम की कुल जनसंख्या 153418, घर संख्या 32122, उच्च जोखिम वाले समूह 8780 है। उपरोक्त जनसंख्या के आधार पर सभी मितानिनों को जिम्मेदारी दी गयी है। टीबी रोग के सामान्य लक्षण दो सप्ताह से खांसी, बुखार आना, सीने में दर्द, भूख न लगना वजन में कमी एवं थकान प्रमुख हैं। इसका निदान व उपचार आसान है। कुष्ठ रोग के सामान्य लक्षणों में तेलिया तामिया उभरे हुए सुन्नपन, बदरंगे, दाग हाथ पैरों में झुन झुनी शामिल हैं। यदि उपरोक्त में लक्षण दिखे तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य दिखाएं व स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

#### चार चरणों में चलाया जा रहा है अभियान

यह अभियान चार चरणों में संपादित किया जाएगा प्रथम चरण 7 दिसंबर से 22 दिसम्बर 2024, द्वितीय चरण 23 दिसंबर से 28 फरवरी 2025, तृतीय चरण 1 मार्च से 15 मार्च 2025 चतुर्थ चरण 16 मार्च से 23 मार्च 2025 सर्वे उपरांत पाए गए संभावित मरीज टीबी, कुष्ठ, कुपोषण गैर संचा री रोग व वयो वृध जनों का आकलन कर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी जिसके लिए चरणबध्द शिविर लगाई जाएगी।

#### लक्षण दिखे तो तत्काल अस्पताल पहुंचें, जांच व उपचार निःशुल्क

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती ने अपील की है कि बताए गए उपरोक्त संभावित लक्षण पाए जाने पर अनिवार्य रूप से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच में उपचार कराएं। सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क जांच व उपचार की सुविधा है। साथ ही साथ वृद्ध जनों की स्वास्थ्य जांच व जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण प्रदाय किया जा रहा है।

# आमाडुला के ग्रामीणों को लेमनग्रास के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बालोद द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

वनमंडलाधिकारी बीएस.सरोटे के मार्गदर्शन में बालोद वनमंडल के वनपरिक्षेत्र डौण्डी के ग्राम आमाडुला में लेमनग्रास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम चिहरो, ग्राम दिघवाड़ी और ग्राम काकड़कसा के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ग्रामीणों को लेमनग्रास की पहचान उसकी उपयोगिता, खेती, लेमनग्रास के फायदे, औषधीय गुण आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर वन चौपाल का आयोजन कर सुशासन की एक वर्ष की उपलब्धि थीम के तहत वन विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं यथा तेंदूपत्ता संग्राहकों हेतु प्रति मानक बोरा वृद्धि राशि, किसान वृक्ष मित्र योजना, वन प्रबंधन समिति के माध्यम से व्यक्ति विकास, सशक्तिकरण रोजगारमूलक कार्य, वन अधिकार पत्रें का वितरण, स्व–सहायता समूहों के आय सृजन के संसाधन, एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण, वन्यप्राणी संरक्षण, संवर्धन तथा आर्थिक सहायता अनुदान (मुआवजा), लघु वनोपज प्रसंस्करण, विपणन के तहत लघु वनोपज उत्पादों के समर्थन मूल्य में वृद्धि के संबंध में जानकारी प्रदाय किया गया। इस अवसर पर एसडीओ वनविभाग जेएल सिन्हा, रेंजर जीवन भाण्डेकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ी भाषा का हमेशा सम्मान करें व बढ़ावा दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर ग्राम परना में 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पांचवें दिन प्रभातफेरी निकालने के साथ ही योग एवं पीटी के साथ परियोजना ग्राम के विभिन्न जगहों पर स्वच्छता कार्य किया गया।

- एनएसएस शिविर के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता मिथलेश ने किया प्रेरित

दोपहर 3 बजे से बौद्धिक परिचर्चा सत्र की शुरुआत हुई। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षक मिथलेश शर्मा, भरथरी गायिका खिलेश्वरी यदु, नंदकिशोर खुरसेल, अग्निवीर भारतीय सेना विनय कुमार मंडले, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति, सहायक प्राध्यापिका वाणिज्य प्रभा शर्मा व स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मिथलेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति छत्तीसगढ़ी गीतों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति में कितनी मिठास और सरल सहज होती। अपनी छत्तीसगढ़ी भाषा का हमेशा सम्मान और बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। खिलेश्वरी यदु भरथरी गायिका ने भरथरी गीत की शुरुआत के बारे में विस्तार से बताया।





#### अग्निवीर सैनिक ने बताए अनुभव, किया प्रेरित

अग्निवीर भारतीय सेना विनय कुमार मंडले ने सभी स्वयंसेवकों को देश सेवा और भारत मां की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। सेना में युवाओं को जाने के लिए विशेष मापदंड और आवश्यक नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विनय ने बताया कि बचपन से ही उन्हें सेना में जाने की दृढ़ इच्छा थी। कक्षा 10 से ही उन्होंने सेना में जाने के लिए तैयारी शुरू कर दिया था। सेना में जाने से पहले के अपने संघर्ष के दिनों के बारे में बताया। लगातार कड़ी मेहनत और प्रयासों से उन्हें दूसरी बार में सफलता मिली। स्वयंसेवकों को अपनी किस्मत पर नहीं बल्कि अपनी मेहनत पर भरोसा रखने की बात कही। अपने लक्ष्य के प्रति सजग और ईमानदारी से कड़ी मेहनत और परिश्रम से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति एवं स्वयंसेवकों ने अग्निवीर विनय कुमार मंडले का पौधे और श्रीफल पेन भेंटकर सम्मानित किया।



### सिकोला स्थित शनिदेव मंदिर में बनेगा यज्ञ हवन शेड

**गुण्डरदेही।** महिला सेवा संगठन व समस्त ग्रामवासी सिकोला के तत्वावधान में महर्षि मुक्त वाटिका बगीचा में समस्त दानदाताओं की दान राशि से नवनिर्मित श्री सांई बाबा एवं शनिदेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन भाजपा नेता जसवंत सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान सिकोला के ग्रामीणों की मांग पर जसवंत सिन्हा ने अपनी ओर से यज्ञ हवन शेड निर्माण के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की। इस पर ग्रामीणों ने जसवंत सिन्हा का आभार जताया। साथ ही सिन्हा ने जनपद क्षेत्र के ग्राम चीचा, देवगहन, ओड़ारसकरी, गोरकापार, तिलखैरी, सलौनी, खैरबना व मटिया में किसी भी परिवार में किसी व्यक्ति के निधन होने पर अपनी ओर से पीड़ित परिवार को 21 सौ रुपए की सहायता राशि तत्काल देने की बात कही।

# जैन अर्चना भवन में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्व सेठ धनराज लोढा की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर के भागचंद, धरमचंद, गुमान चंद व नोप चंद लोढा परिवार द्वारा नगर के जैन अर्चना भवन में रविवार को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। उक्त अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच, बहरेपन की जांच जरूरत मन्दों को चश्मा व दवा वितरण भी किया गया। क्षेत्र के सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए। शिविर का शुभारंभ विधिवत पूजन अर्चन के साथ नगर के सुश्रावक समाजसेवी पुखराज लोढा ने विधिवत रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन्म शताब्दी के अवसर पर उनके पारिवारिक जनों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रखा है, जिसमें उन्हीं के परिवार के होनहार डॉ बच्चे यहाँ सेवा दे रहे हैं।

- सेठ धनराज लोढा की जन्मशताब्दी वर्ष में उनके परिजनों ने किया आयोजन

यह परमार्थ का कार्य है, जिससे लोग लाभान्वित होंगे। शिविर में डॉ अभिषेक जैन डी एम गेस्ट्रो, डॉ हर्ष जैन एम एस यूरो, ई एन टी, डॉ नेहा जैन एम डी माइक्रो,डॉ यात्रा जैन स्किन ,डॉ जया जैन गायनी, ने अपनी सेवाएं दी।

शिविर में क्षेत्र के 1000 लोग लाभान्वित हुए व 583 लोगों के नेत्र जांच 67 के कान के जांच व 350 लोगों के अन्य विभिन्न जांच की गई। लगभग 500 लोगों को निःशुल्क चश्मा वितरण व आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर, हस्तीमल सांखला, ताराचंद लोढा, अनिल लोढा, जुगराज सांखला, प्रभात डोसी, अंकुश लोढा, नमन लोढा, विकास लोढा, दिनेश लोढा, हर्षित लोढा, गुलाब भन्साली, दिलीप बाफना, संतोष पारख, शंकुन बाई लोढा, शारदा लोढा, दिलीप लोढ़ा, दिलीप भन्साली संदीप, प्रतीक, प्रणय, स्वरूप उपस्थित थे।





### आम सभा की बैठक 19 को

**भिलाई।** बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की 58वीं आमसभा की बैठक 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे प्रगति भवन (ओए बिल्डिंग), सिविक सेंटर, भिलाई में होगी। महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जैसे 11 महीने के भत्ते का बकाया भुगतान, ईपीएस 95 पेंशन की वर्तमान स्थिति, बढ़ी हुई ग्रेच्युटी, चिकित्सा विभाग में कठिनाइयों से संबंधित मुद्दे, डॉक्टरों के लिए अपॉइंटमेंट की ऑनलाइन बुकिंग के प्रावधान की कमी आदि मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह )
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

# वार्ड क्रमांक 6 में बनेगी नाली, लोगों को समस्या से मिलेगी मुक्ति



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद माया जयेश ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन तथा नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव स्थानीय निकायों में समस्याओं के प्रति संवेदनशील होने से वार्ड क्रमांक 06 में खम्मन पांडे घर से सोसायटी दुकान तक नया नाली निर्माण के लिए 8.65 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही नगर पंचायत प्रशसान द्वारा नाली निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नया नाली निर्माण हो जाने से खम्मन पांडे घर से सोसायटी दुकान तक नया नाली निर्माण होने से अब वार्डवासियों को पुरानी नाली से होने वाली परेशानियों से राहत मिल जाएगी। पार्षद श्रीमती माया जयेश ठाकुर ने बताया कि वार्ड क्रमांक 06 में स्थित इस नाली से पुराना बस स्टैंड सहित अन्य वार्डो का गंदा पानी भी इसी नाली के माध्यम से शीतला मंदिर की ओर बहता है। वर्तमान नाली बहुत पुरानी होने से अनेक बार नाली में बहने वाला गंदा पानी मुख्य सड़क पर आ जाता है, जिससे वार्ड क्रमांक 06 के इस सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के मौसम में तो भारी परेशानी होती है बारिश के पानी के साथ इस पुरानी नाली में बहने वाला गंदा पानी वार्ड के अनेक घरों में घुसने लगता है जिससे भी भारी परेशानी का सामना वार्डवासियों को करना पड़ता है।अब नया नाली बन जाने से वार्डवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस नाली के लिए राशि स्वीकृत कराने तत्कालीन सीएमओ तथा नगर पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजा गया मगर प्रदेश में कांग्रेस सरकार के पूरे कार्यकाल तक इस राशि की स्वीकृति नहीं मिल पायी। लेकिन, भाजपा की सरकार बनते ही इस नाली के लिए स्वीकृति मिल पायी है।

